# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर

क्रमांक/भण्डार/2023/680 जबलपुर, दिनांक 5/4/2023

## निविदा सूचना

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, में किराये पर फोटोकॉपी मशीन लगाये जाने हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईड http://www.rdunijbpin.org से प्राप्त की जा सकती है।

कुलसचिव
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
जबलपुर

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर

क्रमांक / भण्डार / 2023 / 778

जबलपुर, दिनांक 10 / 05 / 2023

## निविदा सूचना

द्वितीय सूचना

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में किराये पर फोटो कापी मशीन लगाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है प्रतिमाह लगभग 5 से 10 हजार फोटो कॉपी होती है जिसके लिए 2 फोटो कॉपी मशीन अनुबंध आधार पर स्थापित की जानी है निविदा विश्वविद्यालय की बेबसाइट www.rdunijbpin.org से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा फार्म की राशि 500रु. एवं अमानत राशि 10,000रू (दस हजार रूपये) का बैंक ड्राप्ट जो कि कुलसचिव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के नाम देय होगा, संलग्न करना अनिवार्य है पुर्णतः भरी हुई निविदाएं सीलबंद लिफाफे में स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 25/05/2023 शाम 5:00 बजे तक प्रभारी भण्डार, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कार्यालय में पहुँचना अनिवार्य हैं। निर्धारित समय एवं तिथि पश्चात् प्राप्त निविदायें स्वीकार नहीं की जावेगी। निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की बेबसाइट www.rdunijbpin.org से प्राप्त की जा सकती है।

प्रभारी भण्डार
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

कुलसचिव
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

किराये पर फोटोकॉपी मशीन लगाये जाने संबंधी आवश्यक तकनीकि आहर्यताएं

| क्र0 | अर्हकारी शर्ते | |
|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्ता फर्म को म0प्र0शासन के जिला उद्योग कार्यालय, नगर निगम में फोटोकॉपी कार्य के लिए पंजीकृत (व्यापार का लायसेसं/गुमास्ता/अनुज्ञप्ति) होना आवश्यक है। पंजीयन प्रमाणपत्र की जीवित छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक है। | |
| 2 | निविदाकर्ता फर्म को वस्तु एवं सेवा (GST) में पंजीयन की छाया प्रति संलग्न करना होगा। | |
| 3 | विगत तीन वर्षो का इनकम टेक्स रिर्टन की छाया प्रति संलग्न करना आवश्यक है। | |
| 4 | निविदा प्रपत्र की राशि 500रू एवं अमानत राशि रूपये 10,000/– (अंकन दस हजार मात्र) की सुरक्षा निधि (Earnest Money) कुलसचिव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के नाम देय होगा। | |

# फोटोकॉपी मशीन स्थापित किये जाने हेतु आवश्यक निर्देश

1. लिफाफे के उपर फोटोकॉपी मशीन स्थापित किये जाने हेतु निविदा स्पष्ट अक्षरों में लिख होना चाहिए।
2. निविदा दो लिफाफा पद्वति से किया जाना है, A लिफाफा में अमानत राशि तथा लायसेंस/गुमास्ता संलग्न करना अनिवार्य है, B लिफाफा में फायनेंशियल बिड होगी। लिफाफा A एव B लिफाफा C में रखकर प्रेषित किया जायेगा।
3. निविदाकर्ता को फोटोकॉपी कार्य के लिए जिला/नगर निगम में पंजीयन होना आवश्यक है।
4. निविदा फार्म की राशि 500रू. के साथ अमानत राशि 10,000रू. (दस हजार रूपये) का बैंक ड्राप्ट जो कि कुलसचिव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के नाम देय होगा संलग्न करना अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाएँ टेण्डर ओपन समिति/तकनीकि समिति द्वारा खोली जावेगी। निविदाकर्ता या उनके प्रतिनिधि उपस्थित हो सकते है।
6. कार्य का समय प्रातः 10:30 बजे से कार्य समाप्त होने तक एवं कार्य समय सीमा में पूर्ण करना होगा। विशेष परिस्थिति में कार्य की आवश्यकता होने पर कार्यालयीन समय के पश्चात् भी फर्म को कार्य करना होगा।
7. उत्तम गुणवत्ता का पेपर (जे.के. ब्रांड एक्जक्यूटिव ब्रांड अथवा समतुल्य) न्यूनतम् **75** ग्राम एवं फोटो कॉपी की स्याही की गुणवत्ता उत्तम दर्जे की पठनीय होना चाहिए। यदि छाया प्रति पठनीय नहीं है या अधूरी या अस्पष्ट है तो भुगतान नहीं किया जावेगा।
8. पेपर अथवा स्याही की गुणवत्ता जिन फोटोकॉपी प्रतियों में शर्तो के मुताबिक नहीं होगी उसका भुगतान नहीं किया जावेगा।
9. फोटो कॉपीयर मशीन, पेपर, मेन्टेनेंस एवं आपरेटर की पूर्ण जिम्मेदारी फर्म की होगी। केवल फोटो कॉपीयर मशीन स्थापित करने की जगह एव विद्युत ( पावर) उपलब्ध कराया जाएगा।
10. प्रदान किये गये कक्ष का किराया 2000रू0 (दो हजार रूपये) एवं उपयोग की गई बिजली का व्यय मीटर रीडिगं अनुसार प्रति माह होगा ।
11. प्रदान किये गये कक्ष का निर्धारित किराया एवं विद्युत व्यय सुरक्षा के रूप में अग्रिम रू010.000 (दस हजार) रूपया अग्रिम जमा करना होगा जो कि अंतिम माह में समायोजित किया जावेगा। तथा कार्य अवधि माह के प्रथम सप्ताह में निर्धारित किराया विश्वविद्यालय कोष में निरंतर जमा करना होगा।
12. फर्म को, उपयोग किये गये विधुत का व्यय व्यावसायिक दर से मीटर रीडिगं अनुसार विश्वविद्यालय को भुगतान करना होगा
13. फर्म को कम से कम 2 अच्छी क्वालिटी की फोटो कॉपी मशीन स्थापित करनी होगी।
14. ज्यादा पृष्ठों का सेट बनाने का कार्य भी फर्म को करके देना होगा। जिसमें Reduction and enlargement की सुविधा होना चाहिए।

15. देयक का भुगतान प्रति कॉपी के दर से अधिकृत प्रभारी अधिकारी के दिए गए आदेश पत्र के आधार पर होगा।
16. विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत दरें आदेश होने की तिथि से एक वर्ष के लिए लागू रहेगी एवं आवश्यकतानुसार इस अवधि को फर्म की आपसी सहमति से एक वर्ष के लिए और बढाया जा सकता है। इस अवधि के दौरान दरों में कोई वृद्वि नही की जा सकती है।
17. निविदा रजिटर्ड डांक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही स्वीकार की जावेगी। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
18. निविदा स्वीकृत करने न करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित होगा।
19. अनुबंध की शर्तों का पालन नहीं होने पर विश्वविद्यालय द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के अनुबंध अवधि पूर्ण होने के पूर्व ही समाप्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी एवं दूसरे क्रम के न्यूनतम दर वाले निविदाकर्ता से कार्य कराया जायेगा। इसमें जो वित्तीय हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी।
20. आयकर ,जीएसटी एवं शॉप एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन की प्रतिलिपि निविदा के साथ संलग्न करना होगा।
21. यदि निविदा खुलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है तो तिथि आगामी कार्य दिवस हेतु स्वतः बढ़ जाएगी।
22. वित्तीय निविदा स्पष्ट एवं सुवाच्य अंको एवं शब्दो में होना चाहिए ओवर राईडिग एवं कटी/फटी निविदा स्वीकार्य नहीं की जावेगी।
23. निविदाकर्ता को सभी दरें भरना अनिवार्य है अपूर्ण निविदा मान्य नहीं की जावेगी।
24. सभी आईटमों के दरों का कुल योग को न्यून्तम (L-1) मान्य किया जावेगा।
25. मशीन के द्वारा की गई फोटो कॉपी की गुणवत्ता एवं संख्या की सामायिक/आकस्मिक जॉच माननीय कुलपति/कुलसचिव जी द्वारा नामांकित अधिकारी द्वारा की जा सकेगी।
26. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर होगा।

**–:घोषणा पत्र :–**

मुझे/हमारी फर्म को उपरोक्त 01 से 26 तक की शर्तें पूर्णतः मान्य है हम उपरोक्त शर्तों के अनुसार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में "फोटोकॉपी कार्य" करने को तैयार हूँ।

शपथगृहीता के हस्ताक्षर व सील:–
प्रतिनिधि का नाम :–
फर्म का नाम एवं पता :–
मोबाईल नं. :–

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,जबलपुर

## वित्तीय निविदा फार्म

| क्र0 | विवरण | दर प्रति पेज | GST | कुल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | A-4 साईज फोटोकॉपी | | | |
| 2 | A-4 साईज फोटोकॉपी बोथ साईड | | | |
| 3 | A-3 साईज फोटोकॉपी | | | |
| 4 | A-3 साईज फोटोकॉपी बोथ साईड | | | |

टीपः–

1. कर अतिरिक्त दर्शायें।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर व सीलः–

प्रतिनिधि का नाम :–

फर्म का नाम एवं पता :–

मोबाईल नं. :–